मुरली की तान सुनूंगी

मुरली की तान सुनूंगी,
कन्हैया तुम्हे जाने ना दूंगी,
जाने ना दूंगी कान्हा जाने ना दूंगी......

जो कान्हा मोसे एक कहोगे,
एक कहोगे कान्हा एक कहोगे,
तो एक की चार कहूंगी,
कन्हैया तुम्हे जाने ना दूंगी,
मुरली की तान सुनूंगी........

जो कान्हा मोसे प्रेम करोगे,
प्रेम करोगे कान्हा प्रेम करोगे,
तो हंस हंस बात करूंगी,
कन्हैया तुम्हे जाने ना दूंगी,
मुरली की तान सुनूंगी........

जो कान्हा मोसे ब्याह करोगे,
ब्याह करोगे कान्हा ब्याह करोगे,
तो भांवर सात फिरूंगी,
कन्हैया तुम्हे जाने ना दूंगी,
मुरली की तान सुनूंगी..........

जो कान्हा तोहे भूख लगेगी,
भूख लगेगी कान्हा भूख लगेगी,
तो माखन मिश्री खिलाऊंगी,
कन्हैया तुम्हे जाने ना दूंगी,
मुरली की तान सुनूंगी..........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30715/title/murli-ki-taan-sunugi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |